हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक ने तीन पुस्तकों का विमोचन किया

चर्चा में क्यों?

19 मार्च, 2023 को हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा ने पंचकूला स्थित साहित्य अकादमी भवन में साहित्यकार व छायाकार डॉ. ओम प्रकाश कादयान की नव प्रकाशित पुस्तक 'पगडंडियों का सफर'तथा लेखक, कवयित्री डॉ. सुमन कादयान की दो पुस्तकों 'हरियाणवी मुहावरे व लोकोक्तियाँ' और 'माटी की खुसबू'(हरियाणवी कविताओं) का विमोचन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा ने बताया कि साहित्यकार डॉ. ओम प्रकाश कादयान का यात्रा वृतांत संग्रह 'पगडंडियों का सफर'पाठकों को घर बैठे देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, हिमालय की दुर्गम, खूबसूरत घाटियों की यात्राएँ करवाएगा तथा मरुस्थल की खूबसूरती तथा समुद्र की विशालता का अहसास करवाएगा।
- उन्होंने बताया कि डॉ. सुमन कादयान की पुस्तक 'माटी की खुशबू'हरियाणवी लोक भाषा को समृद्ध करने में सहायक होगा तो 'हरियाणवी मुहावरे व लोकोत्तियाँ'पुस्तक हरियाणवी लोक साहित्य से परिचित करवाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/director-of-haryana-sahitya-akademi-released-three-books